Statement

Comparative Statement of CIF Value of Import of Bulk Drugs, Formulations and Intermediates

(Rs. in crores)

Year	Number of Consignments Imported	Bulk Drugs	Formulations	Intermediates	Total
1987-88	23439	223.44	31.32	50.72	305.48
1990-91	20310	322.57	84.94	176.70	584.21
1991-92	18265	458.51	96.12	243.75	798.38

उर्वरकों पर दी जाने वाली राज सहायता को कम किया जाना

396. **श्री दिग्विजय सिंह:**
श्री अनन्तराम जायसवाल:
श्री सत्य प्रकाश मालवीय:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या खाद पर राज सहायता में कमी कर देने के बाद खाद के दामों में भारी गिरावट आयी है जिसका असर उत्पादन पर पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने खाद की बिक्री और उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नीति बनायी है;

(ग) क्या सरकार ने खाद पर दी जाने वाली राज सहायता को पूरी तरह से समाप्त करने का अन्तिम निर्णय ले लिया है; और

(घ) यदि हां, तो इसका देश में कृषि उत्पादन पर क्या असर पड़ेगा?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) और (ख) 25.8.1992 को फास्फेटिक एवं पोटेशिक उर्वरकों के अनियंत्रण के बाद खुले बाजार में उनकी कीमतों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी। तथापि, 25.8.1992 को यूरिया के सांविधिक उपभोक्ता मूल्य में 10% की कमी की गयी। सरकार ने उचित लागत पर फास्फेटिक उर्वरकों के अधिकतम उत्पादन को सुनिश्चित करने के लिए अनेक उपाय किये हैं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

उर्वरक उद्योग को रियायती दर पर पदार्थ की आपूर्ति

397. **श्री राम नरेश यादव**: क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के उर्वरक उद्योगों को रियायती दरों पर किन-किन पदार्थों की आपूर्ति की जाती है;

(ख) इन उद्योगों को क्या-क्या सुविधाएं दिये जाने की संभावना है; और

(ग) पिछले वर्ष से आज तक उत्तर प्रदेश को कितनी सहायता दी गई है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) नेफथा, निम्न सल्फर हैवी स्टाक (एलएसएचएस) तथा फर्नेस तेल वे इनपुट हैं जिनकी आपूर्ति उर्वरक एककों को रियायती दरों पर की जाती है।

(ख) उर्वरक मूल्य निर्धारण के लिए संयुक्त संसदीय समिति की संस्तुतियों के आधार पर, उर्वरक उद्योग को निम्नलिखित रियायतें प्रदान की गई हैं:—

(1) फास्फोरिक एसिड, जो कि डाई-अमोनियम फास्फेट (डीएपी) के उत्पादन के लिए एक कच्चा माल है, के आयात पर 15% सीमा शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

(2) डीएपी तथा काम्पलैक्स उर्वरकों के लिए कच्चे माल तथा मध्यवर्तीयों के आयात के लिए, विदेशी मुद्रा सरकारी दरों पर उपलब्ध करायी जा रही है।

(3) नए उर्वरक संयंत्रों तथा पुराने संयंत्रों के

पुनर्वास के लिए पूंजीगत माल के आयात पर सीमा शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

(4) 1.1.1991 को अथवा उसके बाद स्थापित इकाइयों को राहत प्रदान करने के लिए, पूंजीगत माल के आयात पर भुगतान किए गए, सीमा शुल्क की वापसी की एक योजना अनुमोदित की गयी है।

(5) नई इकाइयों तथा पुनर्वास परियोजनाओं द्वारा लिए गए दीर्घावधिक ऋण पर 3% की दर से ब्याज पर रियायत भी उपलब्ध करायी जाएगी बशर्ते की ब्याज दर 12% अथवा अधिक रहे।

(6) स्वदेशी रॉक फास्फेट के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए, आयात प्रतिस्थापन की एक योजना भी अनुमोदित की गयी है।

(ग) उर्वरक उद्योग को सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों को सहायता देने की कोई योजना नहीं है। तथापि, छोटे तथा मझौले किसानों को सहायता/राहत उपलब्ध कराने के लिए, इनपुटों के भंडारण के लिए अथवा किसानों द्वारा फास्फेटिक तथा पोटाशिक उर्वरकों के क्रय पर रियायतें उपलब्ध कराने के लिए छोटी अवधि के ऋण उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा राज्यों को निधि जारी की जाती है। 1991-92 के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य को 38.60 करोड़ रुपये के छोटी अवधि के ऋण सहित 133.26 करोड़ रुपये की निधि जारी की गयी थी। इसी प्रकार, 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य को अभी तक 42.55 करोड़ रुपये के छोटी अवधि के ऋण सहित 138.10 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं।

Recovery into the DPEA for Flucort range of formulations

398. DR. NARREDDY THULASI REDDY:
SHRIMATI SATYA BAHIN:

Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 1610 given in Rajya Sabha on 3rd December, 1992 and state:

(a) whether it is a fact that his ministry had adopted lukewarm attitude in respect of recovery into the DPEA for flucort range of formulation;

(b) what is the present position and what steps have been taken to speed up the action;

(c) whether it is a fact even overcharging of price and over-invoicing of imports have not been stopped;

(d) if so, what steps are being taken to investigate the matter; and

(e) what are the approved prices and prices being changed for various packs of formulations at present?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) No, Sir,

(b) M/s. Lyka Labs. Ltd. had filed a writ Petition in the Bombay High Court in 1990 against the notice for tentative liability of Rs. 678.73 lakhs, issued to them in respect of Flupcinolone Acetonide for the period from 1.4.79 to 25.8.87. The Counter affidavit in the case have been filed by the Government in the Bombay High Court in February, 1992. Since then this Writ Petititon has not been heard by the Bombay High Court.

(c) to (e) The requisite details have been called for from the company. From the price list submitted by M/s. Lyka Labs. Ltd. recently, it is noticed that they have discontinued the production of Flucort Range of formulations.